भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 322 | बिजौलिया - बुधवार, 03 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

# राजश्री पान मसाला विवाद में सलमान को बड़ी राहत, फिलहाल नहीं होगी एफएसएल जांच के लिए कोटा में पेशी

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** राजश्री पान मसाला के कथित भ्रामक विज्ञापन मामले में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को बड़ी राहत मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट से मिले स्टे के बाद अब उन्हें अपने हस्ताक्षरों की एफएसएल जांच के लिए फिलहाल कोटा नहीं आना पड़ेगा। मंगलवार को कोटा कंज्यूमर कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सलमान खान की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र और हाईकोर्ट के स्थगन आदेश को स्वीकार कर लिया गया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई निर्धारित की है।

यह मामला लंबे समय से उपभोक्ता अदालत में विचाराधीन है। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता इंद्रमोहन सिंह हनी ने राजश्री पान मसाला के विज्ञापन को लेकर परिवाद दायर किया था। सुनवाई के दौरान उन्होंने सलमान खान की ओर से उपभोक्ता अदालत में प्रस्तुत वकालतनामा और जवाब पर किए गए हस्ताक्षरों की प्रमाणिकता पर सवाल उठाए थे। याचिकाकर्ता का आरोप था कि दस्तावेजों पर किए गए हस्ताक्षरों की जांच आवश्यक है।

इस आपत्ति पर जिला उपभोक्ता आयोग ने 26 दिसंबर 2025 को महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए सलमान खान के हस्ताक्षरों की फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) से जांच कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही सलमान खान को स्वयं अदालत में उपस्थित होकर हस्ताक्षरित शपथ-पत्र पेश करने का आदेश भी दिया गया था।

हालांकि निर्धारित समय में सलमान खान अदालत में पेश नहीं हुए। इसके बाद याचिकाकर्ता इंद्रमोहन सिंह हनी ने न्यायालय की अवमानना का प्रार्थना-पत्र दायर कर कार्रवाई की मांग की। अवमानना प्रकरण में मंगलवार को आदेश पारित होने की संभावना थी।

उधर, सलमान खान की ओर से उक्त आदेश को चुनौती देते हुए



राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 27 मई को जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश पर स्थगन (स्टे) जारी कर दिया। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद सलमान खान को तत्काल प्रभाव से राहत मिल गई।

मंगलवार को कोटा कंज्यूमर कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सलमान खान की ओर से कंपनी के वकील ने हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर और एक प्रार्थना-पत्र अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। इसमें 26 दिसंबर 2025 के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया। अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को रिकॉर्ड पर लेते हुए प्रार्थना-पत्र स्वीकार कर लिया।

एडवोकेट राकेश सुवालका ने बताया कि हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के मद्देनजर अब सलमान खान को फिलहाल एफएसएल जांच के लिए कोटा आने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही अवमानना प्रकरण में भी आगे की कार्रवाई हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय और आगामी सुनवाई पर निर्भर करेगी।

राजश्री पान मसाला के विज्ञापन को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब कानूनी रूप से नए मोड़ पर पहुंच गया है। हाईकोर्ट से मिली अंतरिम राहत के बाद फिलहाल सलमान खान को व्यक्तिगत पेशी से छूट मिल गई है, लेकिन मामले का अंतिम फैसला अभी बाकी है। अब 14 जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई पर सभी पक्षों की नजरें टिकी हुई हैं।

# बजरी माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा, डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

## दो स्थानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, चालक मौके से फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ फूलियाकलां थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से एक डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस को अवैध बजरी परिवहन की सूचना मिलने पर विशेष अभियान चलाया गया। इसी दौरान कस्बे के केकड़ी रोड स्थित खारी नदी क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर बजरी से भरा एक डंपर जब्त कर लिया। पुलिस की कार्रवाई को देखते ही डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

वहीं दूसरी ओर कनेछन कलां के समीप भी पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। यहां भी चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करवा दिया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजरी माफियाओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। लंबे समय से अवैध बजरी खनन और परिवहन की शिकायतें सामने आ रही थीं। ऐसे में पुलिस द्वारा एक ही दिन में दो अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई को बजरी माफियाओं के खिलाफ बड़ा संदेश माना जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह नियमित रूप से कार्रवाई होती रही तो अवैध खनन और राजस्व को होने वाले नुकसान पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। फिलहाल पुलिस फरार चालकों की तलाश में जुटी हुई है तथा मामले की जांच जारी है।

# मेनाल के पास ट्रेलर और बल्कर वाहन की भिड़ंत, हाईवे पर एक घंटे तक लगा जाम





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

कोटा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर मंगलवार अल सुबह मेनाल के निकट दो भारी वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ट्रेलर और बल्कर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गए। दुर्घटना के बाद ट्रेलर में भरे लोहे के पाइप सड़क पर बिखर गए, जिससे हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर और बल्कर वाहन कोटा से चित्तौड़गढ़ की ओर जा रहे थे। मेनाल के पास दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन सड़क पर पलट गए। हादसे के बाद ट्रेलर में लदे लोहे के पाइप सड़क पर फैल गए, जिससे यातायात बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

सूचना मिलने पर हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने क्रेन और अन्य संसाधनों की मदद से सड़क पर बिखरे पाइपों को हटवाया तथा पलटे वाहनों को किनारे करवाकर यातायात सुचारू कराया।

हादसे में दोनों वाहन चालकों को मामूली चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद हाईवे पर यातायात फिर से सामान्य हो सका।

# एक साल से फरार NDPS आरोपी पंजाब से गिरफ्तार, 800 किलोमीटर दूर दबिश देकर पकड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पारोली थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक वर्ष पुराने मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को पुलिस ने करीब 800 किलोमीटर दूर फरीदकोट (पंजाब) से दबिश देकर गिरफ्तार किया।

पारोली थाना प्रभारी सियाराम ने बताया की टीम ने लगातार प्रयास कर लंबे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार कोटड़ी थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में 25 मार्च 2025 की रात नाकाबंदी के दौरान एक क्रेटा कार से 239 किलो 730 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया गया था। कार्रवाई के दौरान मौके से रामाकिशन जाट निवासी नागौर को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया था।

मामले की जांच के दौरान मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले आरोपी राधाकिशन मेहर निवासी हरो का खेड़ा, कल्याणपुरा को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

जांच में सामने आया कि जब्त की गई क्रेटा कार के मालिक एवं डोडा चूरा मंगवाने वाला व्यक्ति राजवीन्द्र सिंह उर्फ राजू अरोड़ा निवासी दोदा, पंजाब है। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था।

विशेष टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और करीब 800 किलोमीटर दूर पंजाब के फरीदकोट क्षेत्र में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी को भीलवाड़ा लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि तस्करी के इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा मादक पदार्थ की सप्लाई कहां से और किन क्षेत्रों में की जा रही थी।आरोपी की गिरफ्तारी में हेड कांस्टेबल हरिराज, कांस्टेबल मनीष कुमार, शैतान सिंह एवं रणजीत की टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की कार्रवाई की सराहना की है।

# ग्रीष्म ऋतु में दोपहर 12 से 3 बजे तक पशुओं से कार्य कराना प्रतिबंधित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने भारवाहक पशुओं के कल्याण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम एवं संबंधित नियमों के तहत तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घोड़े, गधे, खच्चर, बैल एवं भैंसों का भारवहन तथा कृषि कार्यों में उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि नियमों की प्रभावी निगरानी की जाए तथा पशु मालिकों को पशुओं के लिए छाया, स्वच्छ पेयजल और चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जाए।

साथ ही, ग्रीष्मकाल में पशु-पक्षियों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गौशालाओं, चारागाहों, सार्वजनिक स्थलों और मार्गों पर जलकुंड तथा पक्षियों के लिए परिंडे लगाने एवं उनमें नियमित जल भराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पैदल घर जा रहे युवक को तेज रफ्तार सवारी ऑटो ने मारी टक्कर,हुई दर्दनाक मौत,परिजनों में छाया मातम



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

प्रताप नगर थाना क्षेत्र के पुर रोड़ पर शनि मंदिर के पास पैदल घर जा रहे एक युवक को पीछे से आए एक तेज रफ्तार ऑटो ने अपनी चपेट में ले लिया।हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्रताप नगर थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यश शंकर पिता नारायण लाल माली उम्र 35 वर्ष निवासी लेबर कॉलोनी सोमवार मंगलवार की मध्यरात्रि करीब 12 से 12.30 के बीच पांसल चौराहे से पैदल अपने घर जा रहा था इसी दौरान थाना क्षेत्र के पुर रोड़ पर शनि मंदिर के पास पीछे से आए एक तेज रफ्तार सवारी ऑटो ने उसे टक्कर मार दी।हादसे में यश गंभीर रूप से घायल हो गया,घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया,जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया था।

थाना पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर मृतक के परिजनों कि मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस ने परिजनों कि रिपोर्ट के आधार पर उक्त ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

# लाखों खर्च, फिर भी भीलवाड़ा में ताले में कैद 'पिंक टॉयलेट', महिलाओं की सुविधा के लिए बने शौचालय शुरू होने का इंतजार, निगम के दावों पर उठे सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए 'पिंक टॉयलेट' आज भी उपयोग से दूर हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद दोनों शौचालयों पर ताले लटके हुए हैं, जिससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और बजट के उपयोग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। राज्य सरकार की वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के तहत शहर में दो पिंक टॉयलेट बनाए गए हैं। इनमें एक प्राइवेट बस स्टैंड के पास तथा दूसरा राजेंद्र मार्ग रोड पर स्थित है। दोनों का निर्माण सुलभ इंटरनेशनल




संस्था द्वारा कराया गया है। हालांकि निर्माण पूरा होने के बाद भी महिलाओं को इनकी सुविधा नहीं मिल पा रही है।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि प्राइवेट बस स्टैंड जैसे व्यस्त क्षेत्र में बना पिंक टॉयलेट लंबे समय से बंद पड़ा है। रोजाना हजारों महिलाओं की आवाजाही वाले इस क्षेत्र में शौचालय की आवश्यकता महसूस की जाती है, लेकिन करोड़ों की योजनाओं के दावे जमीनी हकीकत में ताले के पीछे बंद नजर आ रहे हैं।

मामले में नगर निगम के अधिशाषी अभियंता पवन नुवाल ने बताया कि प्राइवेट बस स्टैंड पर राजेंद्र मार्ग रोड स्थित दोनों पिंक टॉयलेट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। पानी और सीवरेज कनेक्शन का काम भी पूरा कर लिया गया है। उन्होंने दावा किया कि अगले सप्ताह तक दोनों शौचालय आमजन के लिए शुरू कर दिए जाएंगे। अब निगाहें नगर निगम के इस वादे पर टिकी हैं। अब सवाल यह है कि क्या अगले सप्ताह महिलाओं को वास्तव में इन पिंक टॉयलेट्स की सुविधा मिल पाएगी या फिर सरकारी योजनाएं कागजों और तालों तक ही सीमित रह जाएंगी।

## चंवरा के हनुमान जी के दान पात्र खोला 1 लाख 57 हजार 320रूपये की राशि निकली



**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

(रोशन वैष्णव) मेवाड़ का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा का हनुमान जी के मंगलवार के शुभ अवसर पर दोपहर 1:00 बजे महा आरती के तत्पश्चात दानपात्र खोला गया। दानपात्र से 1 लाख 57 हजार 320 रूपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर चंवरा का हनुमान जी के मंदिर निर्माण कमेटी अध्यक्ष बालूराम अहीर , उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, सचिव मदन सुथार, कालू सिंह चौहान, घनश्याम राठी, दिनेश पोरवाल , सत्यनारायण काबरा , मोहन सिंह, ओम प्रकाश पोरवाल, जगदीश चंद्र पोरवाल, नारायण गुर्जर, कालू जायसवाल नेत्रपाल सिंह राठौड़ , दीपक पोरवाल, केशव पोरवाल, लक्ष्मण सिंह, तारा शंकर जायसवाल बालूलाल शर्मा ,सहित कई भक्त उपस्थित थे

# मानसून से पहले भीलवाड़ा नगर निगम सख्तः 10 दिन में छोटे, बड़े नालों की सफाई पूरी करें, वरना होगी कार्रवाई – आयुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**



आगामी मानसून को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर के नालों की सफाई को लेकर सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त हेमाराम चौधरी ने जमादारों, सफाई निरीक्षकों और तकनीकी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अगले 10 दिनों में सभी बड़े और छोटे नालों की सफाई हर हाल में पूरी की जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में आयुक्त ने नाला सफाई कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि शहर में 8 बड़े और करीब 136 छोटे नाले हैं। बारिश शुरू होने से पहले सभी नालों को साफ कर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से बड़े नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है और अरिहंत हॉस्पिटल क्षेत्र, सांगानेरी गेट तथा शास्त्री नगर के नालों की सफाई पूरी की जा चुकी है।

आयुक्त ने बताया कि कई स्थानों पर जंक्शन और टर्निंग प्वाइंट पर दोबारा कचरा जमा होने से पानी की निकासी प्रभावित होती है। इसे देखते हुए प्रत्येक निरीक्षक को एक-एक जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई गई है, जबकि पोकलेन मशीनों की व्यवस्था के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है, अब अधिकारियों को लगातार निगरानी रखकर नालों को साफ रखना होगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि जिन क्षेत्रों में सफाई कार्य अधूरा पाया जाएगा, वहां जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही 24 घंटे मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पानी का प्राकृतिक प्रवाह किसी भी स्थिति में बाधित न हो।

आयुक्त चौधरी ने कहा कि कई बार अस्पतालों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अन्य लोगों द्वारा नालों में कचरा व मलबा डालने से सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे लोगों और संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि फोटो, नाम और पते सहित प्रमाण जुटाकर चालान किए जाएं। विशेष रूप से मॉल, अस्पताल और अन्य बड़े संस्थानों के पीछे स्थित नालों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शहर को जलभराव से बचाने के लिए नालों में कचरा डालने से बचें। आयुक्त ने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन की निगरानी और निगम की सक्रियता से अगले 10 दिनों में शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## महिलाओं को बताए एफएसटीपी के फायदे, स्वच्छता पर किया जागरूक



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की ओर से मंगलवार को वार्ड 11 स्थित कुमार मोहल्ला हरिजन बस्ती में महिलाओं की बैठक आयोजित कर फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी), स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

सहायक सामाजिक विकास अधिकारी रेखा खटीक ने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलजल का वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर जैविक खाद तैयार की जाएगी, जिससे गंदगी, दुर्गंध और प्रदूषण में कमी आएगी। बैठक में महिलाओं को ई-श्रम कार्ड सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में महिलाओं से घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने, नालियों में कचरा नहीं डालने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की गई।

इस दौरान महिलाओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कालवती देवी, पूजा, विमला, कमलेश तेली, गीता रेगर, देऊ रेगर सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

# अफीम नीति 2026-27 में किसान हितैषी संशोधनों की मांग

### विधायक कोठारी ने उप नारकोटिक्स आयुक्त को लिखा सुझाव पत्र


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने अफीम नीति 2026-27 को अधिक किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से राजस्थान के उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा को विस्तृत सुझाव पत्र प्रेषित किया हैं।

उन्होंने कहा कि अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नीति में व्यावहारिक सुधार किए जाने चाहिए, जिससे किसानों की आय बढ़े तथा राष्ट्रहित में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त हों।

विधायक कोठारी ने अपने सुझावों में कहा कि वर्तमान में 0.10 हेक्टेयर के अफीम पट्टे के लिए एक ही भूखंड पर खेती की अनुमति है। इसके स्थान पर एक से अधिक भूखंडों पर खेती की अनुमति दी जाए ताकि परिवार के सभी भाइयों को इसका लाभ मिल सके और आपसी विवादों की संभावना समाप्त हो।

उन्होंने अफीम एवं सीपीएस पद्धति के अंतर्गत डोडा क्रय दर में वृद्धि की मांग करते हुए कहा कि किसानों को उनकी मेहनत के अनुरूप उचित प्रतिफल मिलना चाहिए। साथ ही अफीम की गुणवत्ता संबंधी प्रति हेक्टेयर 4.2 किलोग्राम औसत को घटाकर 4 किलोग्राम करने का सुझाव दिया ताकि औसत की कमी के कारण किसानों के पट्टे निरस्त न हों।



विधायक कोठारी ने अफीम फसल को 'फसल बीमा योजना' में शामिल करने, पोस्तदाना का समर्थन मूल्य निर्धारित करने तथा सीपीएस पद्धति में निर्धारित औसत उत्पादन मानकों में किसानों के हित में संशोधन करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सीपीएस एवं चिराई पद्धति के किसानों के बीच पड्डा क्षेत्रफल को लेकर असमानता समाप्त की जानी चाहिए।

उन्होंने वर्ष 1990 से औसत उत्पादन कम होने के कारण निरस्त किए गए पात्र किसानों को पुनः पट्टे जारी करने, मार्फिन गुणवत्ता संबंधी जानकारी के लिए विभागीय कार्यशालाएं आयोजित करने तथा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया।

विधायक कोठारी ने कहा कि पूर्व में सरकार द्वारा डोडा चूरा क्रय किया जाता था, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती थी। वर्तमान व्यवस्था में डोडा चूरा नष्ट कराए जाने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए सरकार पुनः डोडा चूरा क्रय करने पर विचार करे अथवा नष्ट कराने की स्थिति में किसानों को उचित अनुदान या मुआवजा प्रदान किया जाए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने अवैध डोडा चूरा प्रकरणों में केवल नामजदगी के आधार पर होने वाली कार्रवाई के मामलों में भी संवेदनशीलता और न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई।

विधायक अशोक कोठारी ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग किसान हित एवं राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए इन सुझावों पर सकारात्मक विचार करेगा तथा आगामी अफीम नीति में आवश्यक संशोधन कर किसानों को राहत प्रदान करेगा।

## विकास कार्यों की हकीकत जानने गांवों में पहुंचे कलेक्टर, वाटिका से आंगनबाड़ी तक परखी व्यवस्थाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू मंगलवार को उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदजीखेड़ी और मकरेड़ी के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मियावाकी वाटिका, फल वाटिका, आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

चांदजीखेड़ी में विकसित की जा रही मियावाकी एवं फल वाटिका का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने पौधों की वृद्धि, ड्रिप सिंचाई, फेंसिंग और रखरखाव व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पौधारोपण केवल अभियान तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पौधों के संरक्षण और नियमित निगरानी पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। फल वाटिका को ग्रामीणों के लिए आयवर्धन का मॉडल बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके बाद कलेक्टर मकरेड़ी पंचायत के ग्राम आट पहुंचे, जहां उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति, पोषाहार वितरण, टीकाकरण रिकॉर्ड, वजन और पोषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्मिकों को प्रत्येक बच्चे की पोषण स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

दौरे के दौरान राजकीय विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने खेल मैदान के विकास और परिसर में स्थायी नर्सरी स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में खेल और हरियाली दोनों को बढ़ावा देना भी आवश्यक है, जिससे बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सके।

जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

राज्य सरकार के 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत ग्राम पंचायत बाकरा में जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों को जल बचाने, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया।

उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसे जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से जल के सदुपयोग एवं संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्रशासक निशा वीरेंद्र मीना, ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार मीना, पूर्व सरपंच राकेश खटीक, सीएचओ अनीता गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## भाजपा गंगापुर नगर मंडल की विवेकानंद शक्ति केंद्र बैठक संपन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय जनता पार्टी गंगापुर नगर मंडल की विवेकानंद शक्ति केंद्र बैठक नीलकंठ महादेव परिसर में नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी की अध्यक्षता एवं विधायक लादू लाल पीतलिया के सानिध्य में आयोजित हुई बैठक में विधानसभा प्रभारी सज्जन सिंह एवं मंडल पालक मंजू चेचानी ने संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार व्यक्त किए। विधायक लादू लाल पीतलिया ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने तथा जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री राजेंद्र बंसल ने किया। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। अंत में नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पुरुषोत्तम मास में निंबार्क आश्रम ने राहगीरों को वितरित किया मिल्क रोज



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुरुषोत्तम मास में निंबार्क आश्रम, गांधीनगर के महंत मोहनशरण शास्त्री के सानिध्य में मंगलवार शाम सर्किट हाउस के बाहर राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं आमजन को मिल्क रोज वितरण किया । युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड़ एवं श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुए आयोजन का उद्देश्य पुरुषोत्तम मास के दौरान सेवा, परोपकार एवं धार्मिक भावना को जन-जन तक पहुंचाना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लेकर सेवा कार्य में सहयोग किया तथा मिल्क रोज वितरण का लाभ प्राप्त किया। महंत मोहन शरण शास्त्री ने कहा कि पुरुषोत्तम मास भगवान की भक्ति, दान और सेवा का विशेष माह है। इस पवित्र अवसर पर जनकल्याण के कार्य समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करते हैं तथा मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। कार्यक्रम में युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड़ की महिला प्रदेश अध्यक्ष नीलम शर्मा, जिलाध्यक्ष कमलेश पालीवाल, संरक्षक गोपाल नारायण नागर, सुनीता व्यास, पूजा गर्ग तथा श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र अरोड़ा, संरक्षक गोपाल शर्मा (गोपी दादा), आशीष शर्मा, प्रहलाद सोनी, प्रभुदयाल शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, दीपिका अरोड़ा, ममता शर्मा, शशि अजमेरा सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पाइपलाइन कार्य के बाद सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग


**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे में पुलिस थाने के पीछे स्थित गली में जलदाय विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद सीसी सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों के लिए आवागमन जोखिमभरा हो गया है।

पूर्व वार्ड पार्षद यौवन कोली ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। बरसात के दौरान गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है।



ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्षतिग्रस्त सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



QUICK BITES

## अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान की युवा कार्यकारिणी का विस्तार, विजयसिंह पंवार बने युवा प्रदेश उपाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में युवा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिले के गुलाबपुरा निवासी विजयसिंह पंवार को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति की घोषणा के बाद समाजबंधुओं और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

यह नियुक्ति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह भाटी, प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला एवं प्रदेश महामंत्री मूलसिंह गहलोत के निर्देशानुसार युवा प्रदेश अध्यक्ष सुधीरसिंह चौहान द्वारा की गई। संगठन ने पंवार की सक्रिय सामाजिक भागीदारी एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

## हरि शेवा उदासीन आश्रम में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

### हृदय रूपी पात्र की निर्मलता से मिलता है भागवत कथा का पूर्ण फल - स्वामी अशोकानंद जी महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**



सनातन सेवा समिति, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथाव्यास पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज (जबलपुर) ने कहा कि गुरु परमात्मा का प्रतिनिधि स्वरूप है। गुरु से ज्ञान रूपी अमृत की प्राप्ति साधक की पात्रता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का वास्तविक लाभ तभी प्राप्त होता है, जब हृदय रूपी पात्र स्वच्छ और निर्मल हो। जिस प्रकार स्वच्छ मंदिर में भगवान का वास होता है, उसी प्रकार मन रूपी मंदिर को भी पवित्र रखना आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने हृदय को भगवान का मंदिर बनाने का प्रयास करना चाहिए, तभी कथा श्रवण का पूर्ण फल प्राप्त होता है। स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य का संदेश दिया।

मधुर भजनों और संगीतमय प्रस्तुति के बीच कथा का रसपान कराते हुए कथाव्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को परमात्मा की ओर ले जाने वाला दिव्य मार्ग है। उन्होंने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण और श्रीमद्भागवत का श्रवण ही जीव के कल्याण का सबसे सरल एवं श्रेष्ठ साधन है। स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने राजा परीक्षित और परम पूज्य शुकदेव जी महाराज के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब राजा परीक्षित को अपने जीवन के अंतिम सात दिनों का ज्ञान हुआ, तब उन्होंने सांसारिक मोह-माया का त्याग कर भगवान की कथा का आश्रय लिया। परम ज्ञानी शुकदेव जी महाराज ने उन्हें श्रीमद्भागवत का अमृतपान कराया, जिसके श्रवण से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन का प्रत्येक क्षण ईश्वर भक्ति, सत्संग और सद्कर्मों में लगाना चाहिए। भगवान की कथा मन को शुद्ध करती है तथा जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरे पांडाल में भक्तिमय वातावरण छा गया।

भजन, कीर्तन एवं जयघोष से संपूर्ण वातावरण धर्ममय और भक्तिमय बना रहा। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आज विष्णु यज्ञ में नेहरु लाल जाट और सुशीला जाट ने आहुतियाँ दी एवं महादेव का रुद्राभिषेक किया। पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, गंगा आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहे हैं। आश्रम के संत मायाराम और संत गोविन्दराम ने सनातन धर्म के सभी श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा में बह रही धर्मगंगा की त्रिवेणी का लाभ लेने का आग्रह किया है।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# आरएएस से अकादमिक क्षेत्र तक का सफर, मुकेश कुमावत बने सहायक आचार्य

## सीडीपीओ पद से इस्तीफा देकर राजकीय महाविद्यालय बनेड़ा में लोक प्रशासन विषय में संभाला कार्यभार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

भीलवाड़ा जिले के आसींद क्षेत्र के ग्राम साबदड़ा निवासी मुकेश कुमावत ने प्रशासनिक सेवा से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई पारी की शुरुआत की है। राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) परीक्षा-2021 में सफलता हासिल करने वाले मुकेश कुमावत ने मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय बनेड़ा में लोक प्रशासन विषय के सहायक आचार्य (असिस्टेंट प्रोफेसर) पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन, स्टाफ तथा उनके परिजनों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।



मुकेश कुमावत को आरएएस-2021 में 419वीं रैंक प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) पद आवंटित हुआ था। उन्होंने चित्तौड़गढ़ जिले के बड़ी सादड़ी क्षेत्र में करीब दो वर्षों तक सीडीपीओ के रूप में सेवाएं दीं। इस दौरान महिला सशक्तीकरण, बाल पोषण और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी भूमिका सराहनीय रही।

प्रशासनिक सेवा में रहते हुए ही उनका चयन राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित कॉलेज शिक्षा विभाग की भर्ती परीक्षा में लोक प्रशासन विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हो गया था। शिक्षा क्षेत्र में अपनी रुचि और विद्यार्थियों के बीच कार्य करने की इच्छा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने अनिवार्य सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद सीडीपीओ पद से त्यागपत्र देकर उच्च शिक्षा विभाग में सेवाएं देने का निर्णय लिया।

बड़ी सादड़ी में उनके कार्यकाल की समाप्ति पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों ने भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया। समारोह में उनके कार्यों, नेतृत्व क्षमता और व्यवहार कुशलता की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद मुकेश कुमावत ने कहा कि प्रशासनिक सेवा ने उन्हें समाज की जमीनी जरूरतों को समझने का अवसर दिया। अब शिक्षा के क्षेत्र में रहकर वे विद्यार्थियों को लोक प्रशासन के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक पहलुओं से परिचित कराने तथा उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं एवं सार्वजनिक जीवन के लिए तैयार करने का प्रयास करेंगे।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को बांटा शरबत, जल संरक्षण का दिया संदेश

## 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान' के तहत पीएचईडी की अनूठी पहल

**भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द।**

भीषण गर्मी के बीच जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) ने मानव सेवा और जनजागरूकता का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हुए राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई। 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान' के तहत मंगलवार को विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर के बाहर शिविर लगाकर यात्रियों को शरबत वितरित किया तथा जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

25 मई से 5 जून तक चल रहे अभियान के अंतर्गत सहायक अभियंता बालूराम गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों, यात्रियों और राहगीरों का स्वागत कर उन्हें ठंडा शरबत पिलाया गया। भीषण गर्मी में इस पहल से लोगों को राहत मिली और विभाग के इस प्रयास की सराहना की गई।



कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने जल संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। आमजन को 'पानी रो मान राखो, जीवण रो ध्यान राखो' और 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसे संदेशों के माध्यम से जल बचत एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पेयजल की गुणवत्ता और सुरक्षित पेयजल उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया।

अभियान में कनिष्ठ अभियंता अनिल जीनगर, अनिल वर्मा, बलराम सुनारिया, मुलाराम, हरदेव, राजू, शिव देवी सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया।

# अणुव्रत शिविर में गूंजा व्यक्तित्व विकास का मंत्र, खेल, व्यायाम और संस्कारों का अनूठा संगम

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा में अणुव्रत समिति के तत्वावधान में आयोजित अणुव्रत व्यक्तित्व विकास शिविर इन दिनों युवाओं और बच्चों के लिए सीखने, समझने और आत्मविकास का प्रेरणादायी केंद्र बना हुआ है। शोभा लाइब्रेरी में संचालित इस शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी रामस्वरूप काबरा ने किया। शिविर में प्रतिभागियों को व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और शारीरिक सुदृढ़ता के विविध आयामों से परिचित कराया जा रहा है।

शिविर के सफल संचालन के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। सांवरिया गाडरी पंजीयन प्रभारी, ओमप्रकाश माली कंप्यूटर प्रशिक्षण, नीरज राजवानी आनंदोत्सव, गोपाललाल पंचोली सूक्ष्म व्यायाम तथा उत्कल सेन आवास व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

शिविर के दौरान कैलाश शर्मा ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद शिविरार्थियों को आनंददायी भ्रमण पर यंग स्पोर्ट्स क्लब ले जाया गया, जहां कोच राजेंद्र सिंह धाबाई ने वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल गतिविधियों की जानकारी देते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।



वहीं क्लब के जिम में एडवोकेट दीपक पारीक ने शारीरिक स्वास्थ्य, नियमित व्यायाम और फिटनेस के महत्व पर प्रेरक जानकारी दी। शिविर में आध्यात्मिक वातावरण भी बना रहा, जब मुनि जयवर्धन पीयूष ने उपस्थित शिविरार्थियों को आशीर्वचन प्रदान कर जीवन में सदाचार, संयम और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। गोपाललाल पंचोली ने बताया कि यह व्यक्तित्व विकास शिविर 7 जून तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन ज्ञान, संस्कार, स्वास्थ्य और मनोरंजन से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ

## गौकर्ण कथा से गुंजी भागवत महिमा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

पूरणमल-सम्पत देवी रांदड़ परिवार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रातः सिद्ध बली हनुमान मंदिर से श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश धारण कर भक्ति भाव से शोभायात्रा निकाली, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई महेश वाटिका स्थित कथा स्थल पहुंची।

कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों एवं भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण की विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया।



कथाव्यास श्रद्धेय कृपाराम जी महाराज (जोधपुर) ने प्रथम दिवस की कथा में श्रीमद्भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य प्रकाश है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम, सत्संग और भागवत श्रवण से ही मनुष्य का कल्याण संभव है।

कथाव्यास ने गौकर्ण एवं धुंधकारी की पावन कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत श्रवण की महिमा से पापी से पापी व्यक्ति का भी उद्धार हो सकता है। उन्होंने कहा कि गौकर्ण द्वारा सुनाई गई भागवत कथा के प्रभाव से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति प्राप्त हुई, जिससे भागवत कथा की महिमा और महत्व का संदेश मिलता है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के पंकज रांदड़ और जगदीश सोनी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव 8 जून तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण एवं धर्मलाभ लेने का आग्रह किया।

# जल चोरों पर विभाग का शिकंजा: 20 से अधिक अवैध जल संयोजन हटाए, दंडात्मक नोटिस जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**

आमजन को सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जल चोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सावर (पीएचईडी) ने मंगलवार को ग्राम सुरजपुरा एवं कीडवो का झोंपड़ा में विशेष अभियान चलाकर 20 से अधिक अवैध जल संयोजनों को हटाया। विभागीय टीम ने मुख्य पेयजल पाइपलाइन से अवैध रूप से लिए गए जल संयोजनों को मौके पर ही विच्छेदित कर संबंधित व्यक्तियों को दंडात्मक नोटिस जारी किए।

यह कार्रवाई सावर सहायक अभियंता योगेश कटारिया एवं कनिष्ठ अभियंता दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई। विभाग को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ लोग मुख्य पेयजल लाइन में अवैध पाइप जोड़कर जल चोरी कर रहे हैं, जिससे गोरधा, पिपलाज सहित आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही थी और उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था।

कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से भूमि में दबाई गई अवैध पाइपलाइनों की खुदाई कर उन्हें बाहर निकाला गया तथा नष्ट किया गया। अवैध जल संयोजन लेने वालों के विरुद्ध विभागीय नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जुर्माना नोटिस जारी किए गए तथा भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी गई।



# फर्जी पत्रकारिता पर सख्त रुख, सुखपाल जाट फिर बने प्रेस क्लब अध्यक्ष

## पत्रकार हितों, प्रेस क्लब भवन और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बनी रणनीति, कलेक्टर व मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा मांग-पत्र












भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

प्रेस क्लब भीलवाड़ा की वार्षिक साधारण सभा एवं अधिवेशन महेश वाटिका में प्रेस क्लब अध्यक्ष सुखपाल जाट की अध्यक्षता तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों, पत्रकारों के अधिकारों, प्रेस क्लब भवन के लिए भूखंड आवंटन, पत्रकार सुरक्षा तथा फर्जी एवं पीत पत्रकारिता पर गंभीर चर्चा हुई। सभा में सर्वसम्मति से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि प्रेस क्लब केवल वास्तविक, जिम्मेदार और नैतिक पत्रकारिता का संरक्षण करेगा तथा पत्रकारिता की आड़ में अवैध गतिविधियों, वसूली अथवा पीत पत्रकारिता करने वालों को किसी प्रकार का संरक्षण नहीं दिया जाएगा। सभा में उपस्थित सभी लगभग 100 सदस्यों ने हाथ उठाकर सुखपाल जाट को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने का समर्थन किया। जिसकी मंच से बाद में घोषणा की तो सदस्यों ने सुखपाल जाट का स्वागत किया।

कार्यक्रम में पूर्व सभापति मधु जाजू, वरिष्ठ पत्रकार हनुमान अग्रवाल, कैलाश त्रिवेदी, मनीष शर्मा सहित जिले भर से बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। प्रेस क्लब महासचिव राजेश मेठानी ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया।

सभा के प्रथम चरण में वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद पेसवानी के संयोजन में खुला सत्र आयोजित किया गया, जिसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों ने पत्रकारिता की वर्तमान दशा एवं दिशा पर खुलकर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है और इसकी विश्वसनीयता बनाए रखना हर पत्रकार का नैतिक दायित्व है।

वरिष्ठ पत्रकार निलेश काठेड़ ने कहा कि आज पत्रकारिता अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रही है। तकनीकी बदलाव, सोशल मीडिया की प्रतिस्पर्धा और बढ़ती अपुष्ट सूचनाओं के बीच पत्रकारों को तथ्यों और सत्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में आ रही गिरावट को रोकने की जिम्मेदारी भी पत्रकारों की ही है।

वरिष्ठ पत्रकार अंकुर बोरदिया ने कहा कि पत्रकारों की सबसे बड़ी पूंजी उनकी विश्वसनीयता है। यदि पत्रकार अपनी पहचान निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा से बनाएंगे तो अधिकांश समस्याओं का समाधान स्वतः संभव हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन और प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सक्रिय पत्रकारों का सत्यापन एवं वर्गीकरण कर अधिकृत सूची तैयार करने का सुझाव भी दिया।

गुलाबपुरा के वरिष्ठ पत्रकार रामेश्वरलाल सोनी ने कहा कि पत्रकारिता का आधार जमीनी रिपोर्टिंग होनी चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल बिना तथ्य जुटाए एक-दूसरे की खबरों की नकल करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे पत्रकारिता की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रेस क्लब के संवाद और चिंतन कार्यक्रम वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल सोशल मीडिया या प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जमीनी स्तर पर जाकर समाचारों का संकलन करना ही वास्तविक पत्रकारिता है। पत्रकार यदि निष्पक्षता, सत्यता और जनहित को केंद्र में रखकर कार्य करेंगे तो समाज में उनकी साख और सम्मान स्वतः बढ़ेगा।

वरिष्ठ पत्रकार सोमदत्त त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार को प्रत्येक समाचार में दोनों पक्षों की बात शामिल करनी चाहिए। तथ्यपरक और संतुलित रिपोर्टिंग न केवल समाज में विश्वास पैदा करती है बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि फील्ड रिपोर्टिंग और तथ्यों पर आधारित पत्रकारिता ही पत्रकार की असली पहचान है।

वरिष्ठ पत्रकार मनीष शर्मा ने जिले में पत्रकारिता के नाम पर हो रही अवैध वसूली, फर्जी पत्रकार संगठनों की गतिविधियों और मीडिया के नाम पर ठगी करने वाले तत्वों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग पूरी पत्रकार बिरादरी की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे लोगों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

रतनलाल प्रजापति ने कहा कि जब पत्रकार अपने आचरण और कार्यशैली में मर्यादा बनाए रखते हैं तो समाज उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखता है। वहीं युवा पत्रकार कपिल विजय ने पत्रकारों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा और आपसी मतभेदों पर चिंता जताते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर संगठनात्मक एकता को मजबूत करना समय की मांग है। उन्होंने ऐसे मामलों के समाधान के लिए एक अनुशासन एवं समन्वय समिति गठित करने का सुझाव दिया।

वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद पेसवानी ने जिले की वर्तमान पत्रकारिता की दशा एवं दिशा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार की सबसे बड़ी पूंजी उसकी विश्वसनीयता होती है और इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं पत्रकार की है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में पत्रकारों को अपने सूचना स्रोतों को मजबूत बनाना होगा, तभी शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण एवं तथ्यपरक खबरें जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकेंगी।

पेसवानी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकार संगठन को मजबूत करने की दिशा में हुए प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर प्रेस क्लब भवनों के निर्माण एवं संचालन की अवधारणा को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में अब तक उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा शाहपुरा, गुलाबपुरा और आसींद में प्रेस क्लबों का संचालन सुचारु रूप से किया जा रहा है। इन मंचों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को संगठनात्मक मजबूती, प्रशिक्षण, संवाद और पत्रकार हितों के मुद्दों पर एकजुट होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिले के अन्य ब्लॉक मुख्यालयों पर भी प्रेस क्लबों को सशक्त बनाने के प्रयास जारी रहेंगे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से आह्वान किया कि वे आपसी सहयोग, संगठनात्मक एकता और पत्रकारिता के मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

विशिष्ट अतिथि मधु जाजू ने पत्रकारों को लोकतंत्र का सशक्त प्रहरी बताते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के पत्रकारों द्वारा उठाई गई समस्याएं पूरी तरह न्यायोचित हैं। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों से ही पत्रकार हितों की लड़ाई प्रभावी ढंग से लड़ी जा सकती है। उन्होंने प्रेस क्लब भवन के लिए भूखंड आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने की आवश्यकता जताई।

पूर्व अध्यक्ष हनुमान अग्रवाल ने कहा कि प्रेस क्लब भीलवाड़ा लगभग साढ़े तीन दशक से पत्रकारों के हितों के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने वर्तमान नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में प्रेस क्लब की गतिविधियों का विस्तार हुआ है और जिले भर के पत्रकारों को एक मंच पर लाने का प्रयास सफल रहा है।

अध्यक्ष सुखपाल जाट ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेस क्लब सदैव पत्रकारिता की शुचिता, निष्पक्षता और पेशेवर मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रेस क्लब किसी भी प्रकार की फर्जी, पीत अथवा ब्लैकमेलिंग पत्रकारिता का समर्थन नहीं करेगा। पत्रकारिता के नाम पर गलत कार्य करने वाले व्यक्तियों को संरक्षण देना प्रेस क्लब की नीति नहीं है और भविष्य में भी नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि प्रेस क्लब भवन के लिए भूखंड आवंटन का मामला राज्य सरकार के स्तर पर विचाराधीन है और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा से इस दिशा में सहयोग का आग्रह किया।

मुख्य अतिथि प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वास्तविक और समर्पित पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सरकार संवेदनशील है। मीडिया के नाम पर ठगी और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को समाज के सामने उजागर किया जाना चाहिए।

प्रेस क्लब भवन हेतु भूखंड आवंटन के विषय में उन्होंने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल गठित कर राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से पक्ष रखा जाए। इस कार्य में वे स्वयं हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर सुखपाल जाट को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने का समर्थन किया। इस अवसर पर प्रशांत मेवाड़ा ने उनका अभिनंदन किया। जाट ने कहा कि शीघ्र ही सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

बैठक के अंत में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। निर्णय लिया गया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों की समस्याओं तथा पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर एक विस्तृत मांग-पत्र जिला कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। इसमें प्रेस क्लब भवन हेतु भूखंड आवंटन, पत्रकारों को आवासीय भूखंड, टोल मुक्ति, शासकीय सूचनाओं की समयबद्ध उपलब्धता, सरकारी मान्यता एवं परिचय-पत्र व्यवस्था, जिला स्तरीय मीडिया समन्वय समिति का गठन, पत्रकार सुरक्षा तथा कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार सहित विभिन्न मांगों को शामिल किया जाएगा।

सभा का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि भीलवाड़ा की पत्रकारिता को निष्पक्ष, जिम्मेदार, तथ्यपरक और जनहितैषी बनाने के लिए प्रेस क्लब भविष्य में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

### सांसद दामोदर अग्रवाल ने सुखपाल जाट को दी बधाई



भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद दामोदर अग्रवाल ने सुखपाल जाट को पुनः प्रेस क्लब अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए दुपट्टा ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की आंख और कान हैं तथा समाज और सरकार के बीच संवाद का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम भी पत्रकार ही हैं।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत बनाती है तथा जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उन्होंने प्रेस क्लब भवन सहित पत्रकार हितों से जुड़े विषयों पर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि भीलवाड़ा जिले के विकास में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और भविष्य में भी पत्रकारों का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।